Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 29-11-2005
Participants : Thummar Shri Virjibhai

>

Title : Need to release payment of pending insurance claims under Crop Insurance Scheme to the farmers of Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat for the year 2004-05.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : सभापति महोदय, किसानों के लिए बनी फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को उतना फायदा नहीं हो रहा जितना सरकार ने चाहा था। मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के किसानों को वर्ा 2004 के बीमे का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है जिसके कारण किसानों को बहुत ही आर्थिक परेशानी हो रही है। अमरेली के किसानों को इस कार्य के लिए फसल बीमा योजना कार्यालय के कई बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं। देखा गया है कि फसल बीमा योजना के लिए कई औपचारिकताएं पूरी करनी पड़ती हैं जिन्हें गरीब और अनपढ़ किसान पूरा करने में असमर्थ होते हैं। इसका फायदा बीमा योजना के भ्रट अधिकारी लोग उठाते हैं।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि किसानों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्ा 2004-2005 का लम्बित भुगतान तुरन्त किया जाये, फसल बीमा योजना को सरल बनाया जाये और भुगतान का समय तय किया जाये। जैसे बीमा प्रीमियम का समय तय है वैसे ही बीमा भुगतान का समय निश्चित होना चाहिए।